<u>पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड</u>
<u>कंपनी सचिवालय</u>

दिनांक: 06.02.2024
सं. 1:05:126(3):1:सीएस

<u>कार्यालय आदेश सं. सीएस/सं.05/आईटीसी/2023-24</u>

विषय: <u>ट्रेडिंग विंडो खुलने संबंधी सूचना</u>

संदर्भ: कार्यालय आदेश सं: सीएस/सं.04/आईटीसी/2023-24 दिनांक 28.12.2023

"पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी के निष्पक्ष प्रकटीकरण के लिए व्यवहार एवं प्रक्रिया संहिता और प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग के विनियमन, मॉनीटरिंग और रिपोर्टिंग के लिए आचार संहिता" के अनुसार पीएफसी इक्विटी शेयरों/ सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग करने के लिए ट्रेडिंग विंडो दिनांक 01.01.2024 से बंद है, जैसा कि सीएस डिवीजन के दिनांक 28.12.2023 के परिपत्र द्वारा अधिसूचित किया गया।

इस संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल की दिनांक 08.02.2024 को आयोजित होने वाली 450वीं बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ दिसम्बर 31, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के वित्तीय परिणामों (एकल तथा समेकित) पर विचार एवं अनुमोदन किया जाएगा।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, यह सूचित किया जाता है कि ट्रेडिंग विंडो 10.02.2024 तक बंद रहेगी और पीएफसी इक्विटी शेयरों/सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग के लिए 11.02.2024 से खुलेगी। ऊपर उल्लिखित क्लोज़र अवधि के दौरान, सभी निर्दिष्ट व्यक्तियों एवं उनके निकटतम संबंधियों को पुनः सलाह दी जाती है कि पीएफसी के इक्विटी शेयरों/प्रतिभूतियों का लेनदेन (यानी खरीदना, बेचना या गिरवी रखना आदि) न करें।

मनीष कुमार

(मनीष कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव
एवं संहिता हेतु अनुपालन अधिकारी

प्रति:-

<u>सभी संबंधित व्यक्ति</u> (पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी के निष्पक्ष प्रकटीकरण के लिए व्यवहार एवं प्रक्रिया संहिता और प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग के विनियमन, मॉनीटरिंग और रिपोर्टिंग के लिए आचार संहिता" में यथा परिभाषित) - कंपनी की वेबसाइट/कंपनी के नोटिस बोर्ड के माध्यम से

प्रतिलिपि:

1. **सीएस, पीएफसीसीएल**
2. **सीएस, आरईसी लिमिटेड**
   - संबंधितों को उनके संबंधित संगठनों में अधिसूचना हेतु